<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

यूपी के ऊर्जा मंत्री ने "उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023" में इरेडा पवेलियन का दौरा किया

उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा और ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत, शहरी विकास, शहरी रोजगार और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय के माननीय मंत्री, श्री अरविंद कुमार शर्मा ने आज लखनऊ में "उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023" के दौरान इरेडा पवेलियन का दौरा किया। इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने उनका स्वागत किया और पिछले तीन वर्षों में संगठन की अभूतपूर्व उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

श्री दास ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को वर्ष 2030 तक देश में 500 गीगावट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आरई के विकास में गति देने के लिए इरेडा द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उन्हें अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के लिए इरेडा के अभिनव वित्तीय उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी ।

ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रबंध निदेशक, श्री डेनियल बिर्चर ने भी इरेडा पवेलियन का दौरा किया। ज्यूरिख एयरपोर्ट के संचालक फ्लुघफेन ज्यूरिख एजी को जेवर (यूपी) में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण और संचालन करने का अधिकार दिया गया है।